उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**बुधवार, 26 फाल्गुन, शक संवत्, 1931**
**( दिनांक : 17 मार्च, 2010 )**
**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** )।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड चौखुटिया में राम गंगा नदी पर ग्राम झलां हेतु ग्राम भटकोट से लड्डूमणि नामक स्थान पर पुल निर्माण किये जाने के संबंध में'' श्री श्याम सिंह मेहरा, पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी- ग्राम झलां, पो0 धामदेवल, तहसील चौखुटिया, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद अल्मोड़ा के ग्राम सभा- चुलेरासीम के अन्तर्गत पालगबाड़ी एवं चुलरासीम के बीच रामगंगा नदी पर पुल के निर्माण कराये जाने के संबंध में'' श्री बिरेन्द्र सिंह बिष्ट, पुत्र श्री नन्दन सिंह निवासी-ग्राम ढोन, पो0 भटकोट, चौखुटिया, जनपद अल्मोड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद अल्मोड़ा के ग्राम सभा- झला कारचूली हेतु चौखुटिया- मासी मोटर मार्ग के अन्तर्गत भट्टकोट नाले से रामगंगा नदी पर पुल निर्माण के संबंध में'' श्री मनोज शर्मा, पुत्र श्री कृष्णानन्द शर्मा निवासी- ग्राम पीपलधार, पो0 गनाई, तहसील चौखुटिया, जनपद अल्मोड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. आबकारी मंत्री उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

12. आबकारी मंत्री उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करेंगे।

13. सहकारिता मंत्री उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. सहकारिता मंत्री उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

..........................................................................

**(समय : अपराह्न 03:00 बजे)।**

16. मुख्यमंत्री, वित्तीय वर्ष 2010-11 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

17. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

18. देवभूमि उत्तराखण्ड में गंगा जैसी पवित्र नदी तथा विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन किये जाने के बाद भी प्रदेश की बड़ी आबादी को गुणवत्ता युक्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2010 को दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

19. राज्य में शीघ्र पंचायतीराज एक्ट लागू करने के संबंध में श्री यशपाल बेनाम, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2010 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, पंचायतीराज मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 17 मार्च, 2010**

**(महेश चन्द्र)**
**प्रमुख सचिव।**

प्रथम सत्र, 2010
का द्वितीय बुधवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 26 फाल्गुन, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 17 मार्च, 2010 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>19.02.2010<br>श्री सुरेन्द्र राकेश<br>04.03.2010 | ** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विगत तीन माह से राज्य के विद्युत उत्पादन केन्द्रों में विद्युत उत्पादन में भारी गिरावट आई है जिसके फलस्वरूप राज्य में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है? यदि हां, तो प्रश्न प्राप्ति की तिथि को प्रदेश का उत्पादन अधिष्ठापित क्षमता के विरूद्व कितना था? विद्युत क्षमता को बढ़ानें हेतु सरकार तात्कालिक क्या कदम उठा रही है? | ऊर्जा |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>02.03.2010 | ** क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के बाहर किन–किन राज्यों में राज्य अतिथि गृह निर्माणाधीन हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त का शिलान्यास कब–कब किया गया एवं निर्माण कार्य में कितनी लागत व्यय स्वीकृत है? क्या अनुबन्ध की निर्माण कार्यों की समयबद्धता की शर्तो के अनुरूप कार्य किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार विलम्ब से कार्य पूर्ण करने पर कोई पैनाल्टी लगायेगी? | राज्य सम्पत्ति |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| **श्री जोत सिंह गुनसोला**<br>**18.02.2010** | *1. | **स्पष्टीकरण हेतु हटाया गया।** | **नगर विकास** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>18.02.2010 | *2. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि बलियानाला की दोनों ओर की पहाड़ियों में भारी मात्रा में भू–स्खलन हो रहा है जिसके फलस्वरूप नैनीताल को खतरा उत्पन्न हो गया है? क्या बलियानाला के बैड को बीरभट्टी पुल से पुराने बने बैड तक पक्का करने का कोई विचार जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा किया जा रहा है? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय मंगलवार के तारांकित 05 में स्था0** |
| श्री मयूख महर<br>18.02.2010 | *3. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के जनपदवार ग्रामों की स्थिति जो कि 1991 में आबाद थे किन्तु जनगणना 2001 के अनुसार गैर आबाद पाये गये है क्या विभाग द्वारा इस तरह से पलायन कर ग्रामों के गैर आबाद होने के कारणों का पता लगाया गया है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **चतुर्थ बुधवार तक स्थगित** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>19.02.2010 | *4. | क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की चीनी मिलों की पेराई क्षमता कितनी–कितनी है तथा दून चीनी मिलों को गन्ना कमाण्ड एरिया कुल कितना आवंटित है? क्या प्रत्येक चीनी मिल को उसकी क्षमता के अनुरूप पिराई हेतु कमाण्ड क्षेत्र से गन्ना मिल रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस हेतु कोई सार्थक निर्णय लेगी ताकि चीनी मिलों को बन्द होने से बचाया जा सके? | गन्ना |
| **श्री ओम गोपाल रावत**<br>**19.02.2010** | *5. | **स्पष्टीकरण हेतु हटाया गया।** | **राजस्व** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>18.02.2010 | 1. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून अन्तर्गत दिलाराम बाजार में सूडा डूडा के ध्वस्त किये गये कार्यालय पर पार्किंग की स्थापना किया जाना प्रस्तावित था?यदि हां, तो क्या सरकार पूर्व में स्वीकृत दिलाराम बाजार में सूडा डूडा के ध्वस्त किये गये कार्यालय पर पार्किंग की स्थापना किये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>18.02.2010 | 2. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद की भवाली नगर पालिका परिषद की आर्थिक स्थिति अत्यन्त जर्जर है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नगर पालिका परिषद को आर्थिक सहायता दिये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? | **नगर विकास** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>19.02.2010 | 3. | क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय भ्रमण के दौरान दिनांक 21.02.2009 को नैनीताल जनपद की पर्यटन नगरी भीमताल के ऐतिहासिक एवं पौराणिक रामलीला मैदान को अधिग्रहण करने की घोषणा भीमताल क्षेत्र की जनता के हित में की गयी थी? यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा अब तक कोई धनराशि अवमुक्त की गयी है? यदि नहीं, तो कब तक इस मैदान के अधिग्रहण की कार्यवाही की जायेगी? | **पर्यटन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>19.02.2010 | 4. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की समस्त नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों का कोई व्यवहारिक सीमांकन अधिसूचित किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी नगर पालिका परिषद की सीमाओं के मुनारों की स्थिति क्या है? क्या मुनारों की स्थिति ठीक नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार मुनारों (सीमाओं के प्रतीक) को रिकार्ड के आधार पर सही किया जायेगा, जिससे नगर पालिका परिषद मसूरी के अन्तर्गत कुल भूमि का पता चल सके? | **नगर विकास** |